कार्यालय, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन, छठां तल, लखनऊ

संख्याः—एम0ई0—1/2022/1266 लखनऊःदिनांक 16 अप्रैल, 2022

## सेवायोजन विज्ञप्ति

नर्सिंग कालेज, कानपुर, आगरा, मेरठ, झाँसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कन्नौज में संविदा के आधार पर आवेदन प्रपत्र **Online** भरे जाने हेतु विज्ञप्ति जारी की जा रही है, जिसका विवरण निम्नवत हैः—

| क्र | पदनाम | नर्सिंग कालेज का नाम | | | | | | | संविदा पद प्रदान किया जाने वाला मानदेय (प्रतिमाह) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आगरा | गोरखपुर | कन्नौज | प्रयागराज | मेरठ | कानपुर | झाँसी | |
| 1 | प्रिसपल कम प्रोफेसर | 01 (UR) | 01 (UR) | 01 (UR) | 01 (UR) | 01 (UR) | 01 (UR) | 01 (UR) | 1,40,000 |
| 2 | वाईस प्रिसपल कम प्रोफेसर | 01 (UR) | 01 (UR) | 01 (UR) | 01 (UR) | 01 (UR) | 01 (UR) | 01 (UR) | 1,20,000 |
| 3 | प्रोफेसर | - | - | - | - | 01 (UR) | 01 (UR) | - | 1,00,000 |
| 4 | एसोसिएट प्रोफेसर | 02 (1SC) (1UR) | 02 (1SC) (1UR) | 02 (1SC) (1UR) | 02 (1SC) (1UR) | 04 (2UR) (1SC) (1OBC) | 04 (2UR) (1SC) (1OBC) | 02 (1SC) (1UR) | 80,000 |
| 5 | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | 03 (1SC) (1UR) (1OBC) | 03 (1SC) (1UR) (1OBC) | 03 (1SC) (1UR) (1OBC) | 03 (1SC) (1UR) (1OBC) | 06 (3UR) (2SC) (1OBC) | 03 (1SC) (1UR) (1OBC) | 03 (1SC) (1UR) (1OBC) | 70,000 |
| 6 | ट्यूटर | 10 (4UR) (2SC) (3OBC) (1EWS) | 10 (4UR) (2SC) (3OBC) (1EWS) | 10 (4UR) (2SC) (3OBC) (1EWS) | 01 (UR) | 28 (12UR) (6SC) (8OBC) (2EWS) | 15 (6UR) (4SC) (4OBC) (1EWS) | 10 (4UR) (2SC) (3OBC) (1EWS) | 45,000 |

## शैक्षणिक/अनुभव अर्हता

उपर्युक्त उल्लिखित पदो की शैक्षणिक एवं अनुभव अर्हता **आई0एन0सी0** के मानकानुसार होगी जोकि निम्नवत हैः—

| S.N. | Post Name | QUALIFICATION & EXPERIENCE |
|---|---|---|
| 1 | Principal cum Professor | 15 years experience with M.Sc.(N) out of which 12 years should be teaching experience with minimum of 5 years in collegiate programme. Ph.D.(N) is desirable |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | Vice- Principal cum Professor | 12 years experience with M.Sc.(N) out of which 10 years should be teaching experience with minimum of 5 years in collegiate programme. Ph.D.(N) is desirable |
| 3 | Professor | 10 years experience with M.Sc.(N) out of which 7 years should be teaching experience. Ph.D.(N) is desirable |
| 4 | Associate Professor | M.Sc. (N) with 8 years experience including 5 years teaching experience Ph.D.(N) desirable |
| 5 | Assistant Professor | M.Sc. (N) with 3 years teaching experience Ph.D.(N) desirable |
| 6 | Tutor | M.Sc.(N) Or B.Sc.(N)/P.B.B.Sc.(N) with 1 year experience |

नोट–

1 सभी पदो पर अधिकतम आयु 68 वर्ष निर्धारित की गयी है।

2. <u>आवेदन शुल्क–</u> अभ्यर्थियो को रू0 2000/– आवेदन शुल्क देना होगा। शुल्क **Online** जमा करना होगा। आवेदन शुल्क किसी भी दशा में वापस नही होगा। एक से अधिक पदो के लिए आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी को पृथक–पृथक आवेदन प्रपत्र भरना होगा और आवेदन शुल्क देना होगा। **उदाहरण–** यदि कोई अभ्यर्थी प्रिंसपल कम प्रोफेसर के पद हेतु आवेदन करता है तो उसे एक आवेदन करना होगा और उसका अभ्यर्थन 07 नर्सिंग कालेजो के लिए माना जायेगा और यदि वही अभ्यर्थी वाइस प्रिंसपल कम प्रोफेसर या अन्य किसी पद के लिए भी आवेदन करता है तो उसे पृथक–पृथक आवेदन करना होगा।

**शुल्क जमा करने हेतु बैंक खाते का विवरण**

| | |
|---|---|
| Name of Account Holder | DIRECTOR GENERAL MEDICAL EDUCATION & TRAINING, U.P. |
| Name of Bank | STATE BANK OF INDIA |
| Branch | JAWAHAR BHAWAN, LUCKNOW |
| Account Number | 36715923704 |
| IFSC Code | SBIN0006144 |

3. पदो की संख्या घट या बढ सकती है।

4. **Online आवेदन करने की अन्तिम तिथि 16 मई, 2022 की सांय 05.00 बजे तक है। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त व अपूर्ण पत्रों पर विचार नही किया जायेगा। आवेदन करने का लिंक एवं क्यूआर कोड–**

https://forms.gle/fy6NyMn7zzFcKcUw6

5. संविदा पर नियुक्त किये जाने वाले शैक्षणिक कार्मिको को वही मानदेय प्रदान किया जायेगा जो शासन द्वारा निर्धारित किया गया है।

6. ड्यूटी 8 घण्टे की होगी। किसी भी कार्य दिवस में अनुपस्थित रहने पर उस दिवस के वेतन की धनराशि प्रदान नही की जायेगी।

7. संविदा कार्मिको को आकस्मिक अवकाश/चिकित्सा अवकाश वर्ष में अधिकतम 14 तथा राजपत्रित अवकाश पूर्व में अनुमति के पश्चात देय होगे।

8. महिला संविदा कर्मियो को मैटरनिटी लीव, मैटेरनिटी बेनीफिट एक्ट 1961 के तहत 180 दिन का अवकाश सवेतन अनुमन्य होगा।

9. यदि कोई संविदा कर्मी बिना किसी विशिष्ट कारण अथवा सूचना के अपनी ड्यूटी से एक सप्ताह से अधिक अनुपस्थित रहता है तो उसकी संविदा अनुपस्थिति की तिथि से स्वतः समाप्त मानी जायेगी।

10. सेवा संतोषजनक न पाये जाने पर एक माह का नोटिस देकर अनुबन्ध समाप्त किया जा सकता है।

11. संविदा छोड़ने की स्थिति में एक माह पूर्व नोटिस या नोटिस न देने की स्थिति में 01 माह का मानदेय जमा करना होगा।

12. संविदा कर्मी सेवा में विनियमतीकरण, स्थायीकरण, पेंशन, बोनस आदि सुविधाओ के हकदार नही होंगे।

13. संविदा कार्मिक की सेवाये सीधी भर्ती के माध्यम से चयनित अभ्यर्थी के उपलब्ध होने पर Last Come First Go के आधार पर तत्काल समाप्त हो जायेगी।

14. संविदा कार्मिक का कार्यकाल अधिकतम 02 वर्ष का होगा। सेवा संतोषजनक होने और आवश्यकता होने पर कार्य एवं आचरण, सम्बन्धित के विरूद्ध कोई प्रतिकूल तथ्य न हो जो इनका कार्यकाल बढाये जाने में बाधक हो एवं सम्बन्धित से प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए कि इनके विरूद्ध मा0 न्यायालय में कोई अपराधिक वाद नही है, के आधार पर कार्यकाल सक्षम स्तर से अनुमोदनोपरान्त बढाया जा सकेगा।

15. लोक सेवा आयोग, प्रयागराज से चयनित/नियमित अभ्यर्थी उपलब्ध होने पर इनकी संविदा सेवाये स्वतः समाप्त मानी जायेंगी।

16. प्रिसपल कम प्रोफेसर, वाईस प्रिसपल कम प्रोफेसर, प्रोफेसर के पदों पर चयन प्रक्रिया "Walk-in-Interview" साक्षात्कार से एवं एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, ट्यूटर के पदों पर लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के माध्यम से सम्पन्न की जायेगी।

17. साक्षात्कार की तिथि, लिखित परीक्षा की तिथि व अन्य विवरण, एवं अन्य महत्वपूर्ण सूचनाये विभाग की वेबसाईट **http://dgme.up.gov.in** पर समय–समय पर प्रदर्शित की जायेगी।

18. साक्षात्कार के समय समस्त वांछित मूल अभिलेख तथा उनकी एक स्व प्रमाणित (Self Attested) छायाप्रति एवं 02 फोटो अवश्य लाये।

19. इण्टरनेट अथवा अन्य किसी प्रकार की समस्या होने के कारण विलम्ब होने पर विभाग उत्तरदायी नही होगा।

20. साक्षात्कार/लिखित परीक्षा हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियो को यात्रा भत्ता आदि देय नही होगा।

21. सरकार/आई0एन0सी0 के द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानो का ही शैक्षणिक अनुभव मान्य होगा।

22 संविदा पर नियुक्त शिक्षकों के लिए यह आवश्यक होगा कि वह चयन होने के 15 दिन के भीतर सम्बन्धित नर्सिग कालेज में अपना कार्यभार ग्रहण कर लें। उक्त कालावधि में कार्यभार ग्रहण न करने की दशा में संविदा स्वतः रद्द मानी जायेगी। संविदा पर नियुक्त शिक्षकों के कार्यभार ग्रहण की सूचना संबंधित कालेज के प्रधानाचार्य द्वारा शासन तथा महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण को तत्काल भेजी जायेगी।

23. संविदा शिक्षको को स्थानान्तरित नही किया जायेगा। तैनाती का निर्णय शासन/महानिदेशक का होगा जो अंतिम होगा।